देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 16.02.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में भारत–एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- उत्तराखंड पुलिस प्रदेशभर में सघन सत्यापन अभियान चलाएगी। अवैध और संदिग्ध तत्वों पर होगी कार्रवाई।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा– जनभागीदारी और नैतिक नेतृत्व से ही संभव है वनों का सतत संरक्षण।
- टी–20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हराया।

ए.आई सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पांच दिन तक चलने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग का प्रदर्शन किया जाएगा और इसमें करीब बीस देशों के नेता भाग लेंगे।

कानून व्यवस्था

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के निर्देश पर प्रदेश में कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सघन सत्यापन शुरू किया जाएगा। यह विशेष अभियान प्रदेश के सभी जिलों में सर्किल, थाना और चौकी स्तर पर संचालित किया जाएगा। इसके तहत मल्टी–स्टोरी अपार्टमेंट, किराये के मकान, फ्लैट, पीजी, होम–स्टे, होटल, गेस्ट हाउस, आश्रम और धर्मशालाओं में रह रहे लोगों का सत्यापन किया जाएगा। प्रॉपर्टी डीलर, रियल एस्टेट एजेंट और ब्रोकरों की ओर से किए गए किरायेदारी अनुबंधों की भी जांच होगी। बिना पुलिस सत्यापन किरायेदारी कराने या संदिग्ध व्यक्तियों को आश्रय देने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सघन सत्यापन अभियान के तहत होम डिलीवरी सेवाओं, ई–कॉमर्स प्लैटफॉर्म से जुड़े डिलीवरी एजेंटों, सुरक्षा एजेंसियों के कर्मियों, कैब चालकों और औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत ठेकेदारों का विशेष सत्यापन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े कर्मियों की पहचान और रिकॉर्ड की जांच को प्राथमिकता दी जाएगी। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए आधुनिक तकनीकी संसाधनों और केंद्रीय डेटाबेस का उपयोग किया जाएगा। अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों, घुसपैठियों, बांग्लादेशी नागरिकों और वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी ठहरे व्यक्तियों की पहचान कर संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, रिहायशी क्षेत्रों, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कोचिंग संस्थानों, जिम, स्कूलों, विश्वविद्यालयों और अन्य प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता और कार्यशीलता की जांच की जाएगी। सत्यापन अभियान के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है और अधिकारियों को नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस

महानिदेशक दीपम सेठ ने कहा है कि अभियान का उद्देश्य महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बनाए रखना है।

नया रावल

रुद्रप्रयाग जिले के ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में हुई एक बैठक में केदारनाथ धाम के 325वें रावल पद के लिए नए नाम पर सहमत बन गई है। नाम की विधिवत घोषणा, बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति करेगी। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित अपने मठ में केदारनाथ के वर्तमान रावल भीमाशंकर लिंग ने कहा था कि वे स्वास्थ्य कारणों से अब केदारनाथ के रावल का पद संभालने में असमर्थ हैं, इसलिए वे अपने शिष्य शिवाचार्य शांति लिंग को अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हैं। महाशिवरात्रि के दिन ओंकारेश्वर मंदिर में हुई बैठक में रावल भीमाशंकर के लिखित घोषणा पर चर्चा हुई और नए रावल के नाम पर सहमति बनी। इस संबंध में बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि जल्द नये रावल के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि वनों का संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत प्रबंधन, जनभागीदारी के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में निवास करने वाले स्थानीय समुदायों को साथ लेकर चलना वन सेवा का मूल दायित्व है। उन्होंने कहा कि वन अधिकारियों को स्थानीय लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उन्हें स्वरोजगार और कौशल विकास से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए। राज्यपाल इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में आयोजित संजय सिंह स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। राज्यपाल ने वन सेवा के अधिकारी स्वर्गीय संजय सिंह के साहस, शौर्य, निष्ठा और समर्पण को स्मरण करते हुए कहा कि उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले अधिकारी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और उनके आदर्श वन सेवा के प्रत्येक अधिकारी को प्रेरित करते रहेंगे। राज्यपाल ने वन सेवा में नैतिक मूल्यों और पारदर्शिता के महत्व को रेखांकित करते हुए अधिकारियों से भ्रष्टाचार से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही अधिकारियों से प्रशासनिक दक्षता, नैतिक साहस और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में वन सेवा के समक्ष अवैध खनन, अतिक्रमण, वनाग्नि और मानव–वन्यजीव सहअस्तित्व जैसी गंभीर चुनौतियाँ हैं।

टी ट्वेंटी विश्वकप

और अब बात क्रिकेट की................ आईसीसी टी–20 वर्ल्ड कप में कल भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया। कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ईशान किशन की तूफानी अर्धशतकीय पारी की मदद से टीम इंडिया ने 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में 114 रन पर ही सिमट गई। हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने दो–दो विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव और तिलक वर्मा ने एक–एक सफलता हासिल की।

मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार तीसरी जीत है। वहीं, इस जीत के साथ सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली टीम ग्रुप–ए की अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए सुपर–8 में पहुंच गई है।

केंद्रीय बजट

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि केंद्रीय बजट देश की आर्थिक मजबूती, युवाओं के रोजगार, किसानों की आय वृद्धि और महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हरिद्वार में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला है और इसमें आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य व डिजिटल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस दौरान श्री बंसल ने केंद्रीय बजट की महत्वपूर्ण घोषणाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में उत्तराखंड के लिए आपार संभावनाएं हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित। इस खबर पर नवोदय टाइम्स लिखता है– 22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

विश्व प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थल औली में आयोजित स्कीइंग प्रतियोगिता पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– देश में पहली नाइट स्कीइंग कर औली ने रचा इतिहास।

ट्रेड डील पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने प्रधानमंत्री मोदी के हवाले से लिखा है– अपनी शर्तों पर किए करार। इस खबर पर अमर उजाला का शीर्षक है– व्यापार समझौते विकसित भारत की नींव, निजी क्षेत्र अब आक्रामक होकर आगे आएं।

टी–20 विश्वकप में पाकिस्तान पर भारत की जीत पर नवोदम टाइम्स की सुर्खी है– ईशान के तांडव में पाकिस्तान भस्म।